मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 43 | अंक : 42 | सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US | Google Play | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

# जींस फैक्ट्रियां अब ग्रामीण क्षेत्रों में फैला रही प्रदूषण

## जींस फैक्ट्रियों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से सीधे नदी में गिराया जा रहा

**बदलापुर.** एक ओर प्रदूषण के कारण नाला बन चुकी तो दूसरी ओर जिले की प्यास बुझाने वाली वालधुनी नदी के पुनरुद्धार के लिए कार्ययोजना पर विचार किया जा रहा है। दूसरी ओर, प्रदूषण फैलाने वाली जींस धुलाई फैक्ट्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में जलमार्गों को प्रदूषित कर रही हैं। जो कारखाने पहले शहरों के बाहरी इलाकों में संचालित होते थे, वे अब ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं। परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों में काला पानी जमा हो रहा है।

यह बात सामने आई है कि शहरी और औद्योगिक अपशिष्ट जल के उपचार की आवश्यकता को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसलिए, वर्षों से सीवेज नदियों में मिल रहा है, जो पानी का मुख्य स्रोत हैं। उल्हास नदी को ठाणे जिले की जीवन रेखा कहा जाता है। यह नदी, जो रायगढ़ जिले से होकर ठाणे जिले में प्रवेश करती है, सीवेज से प्रदूषित हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और सीवेज उपचार प्रणालियों के विकास की कमी के कारण, यह सीवेज नालियों के माध्यम से नदी में छोड़ा जाता है। परिणामस्वरूप, नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे हर साल जलस्तर गिरता जाता है।

जहां शहरी सीवेज नदी में मिल रहा है, वहीं उल्हास नदी के उद्गम स्थल पर अब जींस धोने की फैक्ट्रियां खुल गई हैं। वालधुनी नदी के प्रदूषण के मुद्दे पर उल्हासनगर शहर से जींस धुलाई कारखानों को बाहर निकाल दिया गया। आज भी अंबरनाथ और कल्याण तालुका के ग्रामीण इलाकों में जींस धुलाई के कारखाने चल रहे हैं। ये कारखाने नदी के प्रवाह से दूर लेकिन नदी में मिलने वाले नाले के पास बनाए गए हैं। इन जींसों को धोने पर रसायन मिश्रित पानी निकलता है। इसे जमीन में गड्ढों में दबा दिया जाता है या नालियों में छोड़ दिया जाता है। अब ये कारखाने वांगनी, काराव, खोणी और अंबरनाथ के निकट चल रहे हैं। अंबरनाथ तालुका के काराव में ग्रामीणों ने बताया है कि रासायनिक पानी के मिश्रण के कारण नालियों का रंग नीला और काला हो रहा है।





### सिर्फ MPCB ही नहीं भूमिपुत्र, ग्राम पंचायत भी दोषी

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समय-समय पर इन कारखानों के खिलाफ कार्रवाई करता है। लेकिन बोर्ड का तर्क है कि जो लोग इन कारखानों को बिजली और पानी की आपूर्ति करते हैं, वे भी समान रूप से दोषी हैं। वहीं, ग्राम पंचायत प्रशासन ग्राम पंचायत सीमा के भीतर स्थापित की जा रही फैक्ट्रियों पर आंखें मूंद लेता है। स्थानीय भूस्वामी खुलेआम प्रदूषण के लिए इन जमीनों को किराए पर देते हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी इस ओर ध्यान आकृष्ट किया है।

# दहशत के साये में जीने को मजबूर उल्हासनगर के लोग




- महानगरपालिका प्रशासन निष्क्रिय

**50** इमारतों के अब तक ढह गए स्लैब

**42** लोगों की जा चुकी है जान

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में अत्यधिक खतरनाक इमारतों की संख्या बहुत अधिक है। जैसे-जैसे बारिश का मौसम नजदीक आता है, उल्हासनगर के निवासियों में दहशत बढ़ जाती है. उनकी निगाहें आसमान पर नहीं, बल्कि स्लैब पर रहती हैं। पिछले 30 वर्षों में 50 से अधिक इमारतों की स्लैब गिर चुके हैं, जिसमें 42 लोगों की मौत हो चुकी है। हजारों परिवार बेघर हो गये हैं। इन घटनाओं से सबक न लेने वाली मनपा प्रशासन की लापरवाही के कारण उल्हासनगर के निवासी आज भी भय के साये में जी रहे हैं। उल्हासनगर शहर मौत के कगार पर है, जहां 500 से अधिक इमारतें खतरनाक हालत में हैं।

उल्हासनगर शहर में पिछले तीन दशकों से स्लैब गिरने की घटनाएं शुरू हुई. दुर्घटनाओं का सिलसिला सोना मार्केट के पीछे एक इमारत ढहने से 9 लोगों की मौत के बाद शुरू हुआ। तब से लगभग हर साल कहीं न कहीं कोई स्लैब गिर जाता है और कोई अपनी जान गंवा देता है।

उल्हासनगर में स्लैब ढहने की घटनाएं महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली चेतावनी है। शहर की हर पुरानी इमारत संभावित मौत का जाल बन गई है।



### इमारतें जो बनीं हादसे का शिकार

शीश महल, मां भगवती, नीलकंठ, शिवसागर, रानी मां, महालक्ष्मी, शांति पैलेस, गुडमैन कॉटेज, हमलोग अपार्टमेंट, लक्ष्मीनारायण, पारसमणि, सिणधरी सागर, अंबिकासागर, साईं एम्पायर, मोहिनी पैलेस, स्वामी नारायण पैलेस, देवऋषि, कोमल पार्क आदि कई इमारतों में हुईं। बताया गया है कि 2022 में मानस टॉवर दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई, 2023 में एक स्वतंत्र घर गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई और 2025 में आत्मप्रकाश अपार्टमेंट का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### प्रशासन सूची बनाता है

मनपा हर साल खतरनाक इमारतों की सूची प्रकाशित करता है और नोटिस जारी करता है, लेकिन हकीकत में तत्काल पुनर्वास के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती दिखती। इसलिए, नागरिक लगातार भय में रहते हैं।

खतरनाक इमारतों में रहने वाले कई परिवारों को वैकल्पिक आश्रय उपलब्ध नहीं कराया गया है, पुनर्वास योजनाएं ठप्प पड़ी हैं और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन तबाह हो रहा है।



### नागरिकों में तीव्र क्रोध और भय

इन दुर्घटनाओं से अब नागरिकों में तीव्र क्रोध और भय का माहौल पैदा हो गया है। इस मुद्दे पर कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। मनपा को और कितने पीड़ितों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा? यह प्रश्न अब सीधे तौर पर पूछा जा रहा है।

# रासायनिक कंपनी में भीषण आग

- कैसे लगी आग, जांच के आदेश जारी
- 10 मजदूरों की जान बची
- 8 अग्निशमन दल ने आग को बुझाया

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के मोरिवली एमआईडीसी स्थित इंटरनेशनल इंडिया प्रा. लि. कंपनी में शनिवार रात में रासायनिक प्रक्रिया शुरू होते समय विस्फोट हो गया और भयंकर आग फैली. कंपनी में काम करने वाले दस मजदूरों ने कंपनी से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई. विस्फोट से निकली आग के शोले और धुएं के गुबार आसमान को छू रहा था.



विस्फोट से मोरीवली परिसर दहल गया. मोरीवली गांव में भय का वातावरण फैल गया था. लगभग दो घंटे की अथक परिश्रम के बाद आज अग्निशमन दल के जवानों ने आग को काबू में किया. इस कंपनी में पोटेशियम परमैग्नेट के लिए लगने वाले रसायन बनाने का काम शुरू था. रासायनिक प्रक्रिया शुरू रहते समय अचान कान फाड़ देने वाली आवाज के साथ विस्फोट हुआ और आग लग गई. मजदूरों में भगदड़ मच गई. सभी मजदूरों ने बाहर भाग कर अपनी जान बचाई.

स्पीड इंटरनेशनल कंपनी में भीषण आग कैसे लगी, इसके जांच के आदेश दे दिए गए हैं. प्रदूषण नियंत्रण मंडल इसकी जांच करेगा. कंपनी का मालिक कौन है? उसने सभी प्रकार का अनुमति ली है या नहीं, इसकी जांच चल रही है. अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर, एमआईडीसी के सात से आठ अग्निशन दल ने आग को बुझाया.

## 30 लाख रुपये की लूट के मामले में केरल से 5 लोग गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे शहर में 30 लाख रुपये की लूट के मामले में केरल से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव ने बताया कि अपराध को 21 फरवरी को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि मुंबई की एक निजी कंपनी के कर्मचारी को ठाणे रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग में चार लोगों ने पकड़ लिया था और उससे 30 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया था, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। जाधव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज समेत कई सूचनाओं के आधार पर ठाणे पुलिस ने हाल में केरल से पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से साढ़े सात लाख रुपये नकद और लूट के पैसे से खरीदे गए तीन लाख रुपये मूल्य के दो आईफोन बरामद किए।

# 37 साल से फरार दाऊद गैंग का शार्पशूटर गिरफ्तार

- गोपाल राजवानी पर 1988 में चलाई थी गोली
- रायगढ़ के जंगलों से पुलिस ने पकड़ने में पाई सफलता

**उल्हासनगर.** मुंबई पुलिस ने आखिरकार दाऊद गिरोह से जुड़े 37 साल पुराने हत्या के प्रयास में शामिल एक भगोड़े आरोपी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया.

28 नवंबर 1988 को मुंबई में यूनिवर्सिटी पथ पर ग्रिंडलेंस बैंक के पास उल्हासनगर शहर के तत्कालीन आगरी सेना अध्यक्ष गोपाल राजवानी को उनके कार चालक हरेश कमलदास केशवानी (23) के सामने गोली मार दी गई थी। पिस्तौलधारी हमलावरों ने गोपाल राजवानी की हत्या की साजिश रची थी। इस मामले में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में विभिन्न कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया था।



इस रोमांचक घटना में शामिल एक आरोपी मंगेश गोविंद मोरे उर्फ मंगेश मांजरेकर कई वर्षों से फरार चल रहा था, बार-बार पुलिस को चकमा दे रहा था और सुनवाई के लिए अदालत में पेश नहीं हो रहा था। सत्र न्यायालय ने उनके खिलाफ स्थायी गैर-जमानती वारंट जारी किया था। हालाँकि, आरोपी को गिरफ्तार करना बेहद मुश्किल हो गया क्योंकि वह अपना निवास स्थान बदलता रहा। यह मामला इसलिए अधिक गंभीर माना गया क्योंकि अपराध का सीधा संबंध दाऊद गिरोह से था।

अभियान की योजना पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती, संयुक्त आयुक्त सत्य नारायण, अतिरिक्त आयुक्त अभिनव देशमुख, उपायुक्त प्रवीण मुंढे और सहायक आयुक्त प्रेरणा कटुटे के मार्गदर्शन में बनाई गई थी। तड़ीपार दस्ते के पुलिस उपनिरीक्षक रामप्रसाद चांदवाड़े के नेतृत्व में एक टीम ने आरोपी के ठिकाने का पता लगा लिया। पता चला कि आरोपी रायगढ़ जिले के महाड तालुका के नानेमाची वाकी बुद्रुक के एक सुदूर पहाड़ी इलाके में रहता है, जो मोबाइल नेटवर्क रहित क्षेत्र है। पुलिस मोबाइल फोन कवरेज से पूरी तरह बाहर इस इलाके में बेहद दुर्गम रास्ते से पहुंची और जाल बिछाकर रोमांचक तरीके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### बहादुरी का बेहतरीन उदाहरण

यह कार्रवाई पुलिस की दृढ़ता, निरंतरता और अपराध की जड़ तक पहुंचने के दृढ़ संकल्प का ज्वलंत उदाहरण है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दीपक दलवी, पोन. ज्ञानेश्वर आव्हाड और अन्य पुलिस अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस सफलता से एक पुराना लेकिन गंभीर अपराध फिर से जांच के दायरे में आ गया है। मुंबई के आपराधिक इतिहास के एक भयावह मामले से पर्दा उठ गया है।

# उल्हासनगर में पुजारी को जान से मारने की कोशिश

- अंबरनाथ पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज
- पुजारी के खिलाफ भी मामला दर्ज

**अंबरनाथ.** उल्हासनगर के रहने वाले 34 वर्षीय पुजारी धीरज सूरज भोलाकानी पर अंबरनाथ (पश्चिम) के ऑर्डनेंस फैक्ट्री के पास जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जख्मी पुजारी का उपचार निजी अस्पताल के आसीयू में हो रहा है। इस मामले में अंबरनाथ पुलिस ने जेठो चांदवाणी, आयप्पन नायडु सहित चार अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रयास, डकैती और अपहरण सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अंबरनाथ पुलिस फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जगह जगह दबिश दे रही है।



वहीं सूत्रों से खबर मिली है कि पुजारी के खिलाफ भी उल्हासनगर पुलिस थाने में संगीन मामला दर्ज किया गया है.

### क्या है मामला...?

पुलिस के मुताबिक, जख्मी पुजारी सात वर्ष से उल्हासनगर-3 में अपने माता-पिता के साथ किराए के घर में रहकर पूजा-पाठ कराते हैं। इसी बीच उनकी पहचान जेठो चांदवाणी से हुई थी। जेठो की पत्नी दीपिका ट्यूशन क्लास चलती है। आयप्पन नायडु भी बच्चों को पढ़ाने के लिए आता था। धीरे-धीरे दीपिका और नायडु की बढ़ती नजदीकियों के बारे में पुजारी ने उसके पति जेठो को जानकारी दी थी, जिससे नाराज होकर उन लोगों ने धीरज के खिलाफ ही षड्यंत्र रच डाला। दोनों शहर में पुजारी की बदनामी करने लगे। इससे पुजारी परेशान हो गए थे। 14 अप्रैल को नायडु ने पूजारी को अंबरनाथ के ऑर्डनेंस फैक्ट्री के गेट पर बुलाया। पुजारी जैसे वहां पहुंचे नायडू ने अपने साथियों के साथ लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

## मनपा अधिकारी को यौन उत्पीड़न मामले में किया गया बरी

**ठाणे.** ठाणे जिले में एक विशेष पॉक्सो (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) अदालत ने एक नगर निगम अधिकारी को यौन उत्पीड़न के मामले में बरी कर दिया, क्योंकि शिकायतकर्ता महिला और उसकी नाबालिग बेटी ने अपने ही आरोपों का समर्थन नहीं किया।

विशेष न्यायधीश डी एस देशमुख ने 16 अप्रैल के आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता पक्ष के गवाह ने अपने मामले का समर्थन नही किया। आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध हुई।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, मीरा भायंदर नगर निगम में स्वच्छता निरीक्षक कांतीलाल किसन बांगर (51) ने 2022 में एक महिला सफाईकर्मी और उसकी बेटी के साथ, उसके पति को नौकरी दिलाने के बहाने कथित तौर पर यौन संबंध बनाने की कोशिश की थी।

बांगर पर इसके बाद पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# अंबरनाथ भाजपा पूर्व अध्यक्ष पद पर विश्वजीत करंजुले

- पश्चिम को दो मंडल में बांटा गया

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ भाजपा मंडल शहर पूर्व और पश्चिम के लिए मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है. भाजपा के प्रदेश कार्याध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के आदेशानुसार भाजपा के ज्येष्ठ नेता एवं अंबरनाथ विधानसभा प्रमुख गुलाबराव करंजुले पाटिल के मार्गदर्शन में भाजपा अंबरनाथ पूर्व मंडल के अध्यक्ष पद पर विश्वजीत करंजुले पाटिल, भाजपा शहर पश्चिम मंडल 1 लक्ष्मण पंत तथा पश्चिम मंडल 2 पद पर प्रजेश तेलंगे की नियुक्ति की गई है. नियुक्ति स्वानंद सभागृह शहर पूर्व में रविवार सुबह की गई है. उस समय शहर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. शहर पश्चिम को दो मंडलों में बांटकर दो को प्रमुख बनाया गया है.

# ‘अगर बच्चे कोई गलती करते तो अप्पा उन्हें बिजली का झटका देते’

- खडवली अनाथालय से बचाए गए बच्चों ने सुनाई आपबीती

**खडवली.** खडवली बाल गृह में शाम ढलते ही निदेशक बबन शिंदे उर्फ अप्पा की पार्टी शुरू हो जाती। आश्रम के लड़के-लड़कियां अप्पा की सेवा में लग जाते. यदि कोई कमी रह जाती या शिकायत करता तो पिटाई अवश्यंभावी थी; बचाए गए लड़के-लड़कियों ने बाल कल्याण समिति के समक्ष स्वीकार किया कि अप्पा शराब पीने के बाद बच्चों को बिजली के झटके भी देते थे।

समिति की जांच से पता चला कि आश्रम में रहने वाले अधिकांश बच्चे भाई-बहन या करीबी रिश्तेदार थे। जिला बाल कल्याण समिति ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत मिलने के बाद खड़वली में अवैध रूप से संचालित बाल गृह से 29 बच्चों को मुक्त कराया।



आश्रम के संचालक सहित पांच लोग न्यायिक हिरासत में हैं। आश्रम के कर्मचारी कथित तौर पर चाकू से धमकाते थे तथा एक बच्चे के शरीर पर चाकू के घाव पाए गए हैं।

दादर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में कबाड़ बीनने का काम करने वाले एक परिवार में छह बच्चे थे। घर में गरीबी, पिता नशे का आदी है। सबसे बड़ी बेटी मर गयी। सबसे बड़ा बेटा जो भी काम मिल जाता है, वह करता है। इस आश्रम में इस परिवार की दो बेटियाँ और दो बेटे थे। उन बच्चों के मुंह से आश्रम में होने वाले दुर्व्यवहार की कहानियां सुनकर ऐसा लगता है जैसे यह आश्रम नर्क हो। भयभीत बच्चों ने अप्पा और अन्य आश्रम संचालकों तथा देखभालकर्ताओं की शराब पार्टियों की कहानियां सुनाईं।

### बच्चों के शरीर पर मारपीट और झटके के निशान

साढ़े तीन से बारह साल की उम्र के ये बच्चे देर रात तक पार्टी में सेवा करते थे। अगर कोई गलती हो जाती थी तो बिजली का झटका भी दिया जाता था। लड़के-लड़कियों के शरीर पर मारपीट और झटके के निशान हैं।

### 20 में से 4 लड़कियों के साथ बलात्कार

बच्चों को उनके माता-पिता को शिक्षा और भोजन का लालच देकर आश्रम में लाया गया था। आश्रम के संचालक आश्रम के एक कमरे में रहते थे. आश्रम में 20 लड़कियों में से चार के साथ बलात्कार किया गया।

### बच्चों को बेचना?

एक 16 वर्षीय लड़की, जो पहले पसायदान विकास संस्था के बाल गृह में रहती थी, की मुलाकात रेलवे स्टेशन पर एक सामाजिक कार्यकर्ता से हुई। महिला ने गुरुवार को बच्ची को उल्हासनगर बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। लड़की का बयान दर्ज किया गया और उसे निरीक्षण कक्ष में रखने का आदेश दिया गया। सूत्रों ने बताया कि उन्हें संदेह है कि आश्रम के कुछ बच्चों को बेच दिया गया है।

0000000

# अंबरनाथ दर्गा का उर्स दस दिन के बजाय 3 दिन का किया जाए

- मोमिन फाउंडेशन ने जमात को दिया पत्र
- जमात ने कहा उर्स होकर रहेगा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ गैबन शाह वली दर्गा का उर्स दस दिनों तक मनाया जाएगा. लेकिन ये उर्स तीन दिनों तक मनाया जाए ऐसा लिखित निवेदन मोमिन यूथ फाउंडेशन ने अंबरनाथ मुस्लिम जमात एवं अंबरनाथ पुलिस स्टेशन को दिया है. निवेदन एहसामुद्दीन खान उर्फ बबलू सिकंदर कुरैशी, अझहर कुरैशी ने दिया है.

निवेदन में लिखा है कि पहले उर्स तीन दिनों का होता था. फिर अब 10 दिनों का क्यों किया जा रहा है. उर्स मैदान के पास अग्निशमन केंद्र है. शहर में आग लग गई तो अग्निशमन को उर्स गरदी के कारण जाने का रास्ता नहीं मिलेगा. उर्स में लगने वाले स्टॉल, झूले, दुकान इत्यादि से बड़े पैमाने पर रकम वसूल की जाती है. झूलेवाला जिसके कारण लोगों से ज्यादा रकम वसूल करता है. ये सब बंद होना चाहिए. ऐसा निवेदन में कहा गया है.



इसके उत्तर में मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी एवं उर्स कमेटी के चेयरमैन जलाल शेख ने कहा कि हम सब मिलजुल कर काम करना चाहते हैं, लेकिन ये लोग कीचड़ उछाल कर कौम को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं. ये सरकार गैबन शाह का मामला है, वह होकर रहेगा. हमारे 10 वालिंटियर उर्स में होंगे. अग्निशमन दल को कोई परेशानी नहीं होगी. 7 वर्ष तक इन लोगों ने उर्स मनाया है. अब चुनाव में हारने के बाद ये लोग आवाज उठा रहे हैं. ये ठीक बात नहीं है. ऐसा खुलासा सलीम चौधरी और जलाल की तरफ से दिया गया है.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## पशुओं पर बढ़ती क्रूरता का सच

यह एक बड़ी विडंबना है कि जिस देश में कुछ पालतू पशुओं और मनुष्यों का सदियों से नाता रहा है और जिनके एक कुशल और भरोसेमंद साथी होने के कई किस्से प्रचलित रहे हैं, वहां पशुओं के प्रति क्रूरता की घटनाएं क्षोभ पैदा करती हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश के मुरैना और भिंड जिले में कुत्तों से हुई बर्बरता से साफ है कि जानवरों के प्रति दया की भावना गुम हो गई है। भिंड में लाठी-डंडे से पीट-पीट कर तीन मासूम पिल्लों की इसलिए जान ले ली गई, क्योंकि ये एक घर के बाहर बैठे थे।

पशुओं से जिस तरह क्रूरता हो रही है, उससे तो लगता है कि लोगों में संवेदना और करुणा का लोप हो गया है। जानवरों से बेरहमी करने वाला व्यक्ति समाज के लिए कितना हिंसक हो सकता है, अब इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। इस मसले पर ज्यादातर शोधों का यह निष्कर्ष है कि पशुओं से हैवानियत और मनुष्यों के प्रति हिंसा के बीच गहरा संबंध है। हमें यह समझना चाहिए कि जो व्यक्ति पशुओं के प्रति क्रूर हो सकता है, वह समाज के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसा व्यक्ति स्वयं में हिंसक हो सकता है और वह किसी को भी निशाना बना सकता है।

एक अध्ययन में पाया गया है कि पशुओं से दुर्व्यवहार करने वालों द्वारा अन्य मनुष्यों को नुकसान पहुंचाने की संभावना पांच गुना होती है। पशुओं से हिंसा करने वाले प्रायः महिलाओं और बच्चों से शारीरिक दुर्व्यवहार करते पाए गए हैं। हमारे यहां कुछ पालतू पशुओं की देखभाल की परंपरा रही है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें बिल्लियों-कुत्तों और सांडों और अन्य पशुओं के साथ क्रूर बर्ताव होता रहा है।

केरल में कुछ वर्ष पहले एक हथिनी की विस्फोटक से भरा अनानास खाने से हुई मौत ने मानवता पर कई सवाल खड़े किए थे। सवाल है कि कोई जानवर आक्रामक हो रहा है, तो इसके कारणों को जानना चाहिए। गलियों में किसी अनजान व्यक्ति को देख कर कुत्तों का भौंकना स्वाभाविक है। उन्हें मारने-पीटने के बजाय अगर थोड़ी भी करुणा होती, तो लोग कोई दूसरा उपाय करते। लोगों के भीतर इस तरह संवेदना का लोप होने का असर मनुष्यों के बीच पारस्परिक संबंधों पर भी पड़ रहा है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा : वक्फ कानून पर विभाजनकारी राजनीति

संसद से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने और उसके कानून बनने के उपरांत पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भयावह हिंसा के चलते वहां से सैकड़ों हिंदुओं का पलायन बहुत ही शर्मनाक और चिंताजनक है। इसकी तो आशंका थी कि कुछ मुस्लिम संगठन और राजनीतिक दल इस कानून के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे, पर मुर्शिदाबाद सरीखी हिंदू विरोधी हिंसा की कल्पना नहीं थी। यह हिंसा बंगाल सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करती है। मुर्शिदाबाद में दो हिंदुओं की घर से खींचकर हत्या भी की गई और बड़े पैमाने पर लूटपाट और आगजनी भी। इसके कारण ही सैकड़ों लोग पलायन करके मालदा और झारखंड भागने को विवश हुए। पता नहीं ये लोग अपने घरों को लौट सकेंगे या नहीं? यदि लौटते हैं तो अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे या नहीं? वक्फ कानून विरोधियों के उपद्रव को रोकने की कोई कोशिश करने के बजाय बंगाल सरकार जिस तरह हाथ पर हाथ रखकर बैठी रही, उसे तृणमूल कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की विभाजनकारी राजनीति ही कहा जाएगा।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद हिंसा से किस तरह मुंह मोड़ा, इसका पता इससे चलता है कि हिंसा के लिए उन्होंने विश्व हिंदू परिषद और सीमा सुरक्षा बल को जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी दोष मढ़ा। उनकी मानें तो यह हिंसा बंगाल सरकार को बदनाम करने के लिए की गई। हिंसा के कारण जिन लोगों को पलायन करना पड़ा, उनसे ममता बनर्जी ने लेशमात्र भी सहानुभूति नहीं दिखाई। इसका पता इससे भी चलता है कि उन्होंने राज्यपाल से कहा कि वह पीड़ितों से मिलने मालदा न जाएं। वह उनके आग्रह की अनदेखी कर वहां गए और उन्होंने राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया, लेकिन अभी यह भरोसा नहीं कि हिंसा पीड़ितों को न्याय मिलेगा। वक्फ कानून के विरोध की आड़ में मुर्शिदाबाद और कुछ अन्य स्थानों में की गई हिंसा की सघन जांच जरूरी है। इस हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को कठोर दंड का भागीदार बनाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही हिंसा पीड़ितों को पूरी राहत भी दी जानी चाहिए। आखिर वक्फ बिल में ऐसा क्या है कि उसके विरोध के नाम पर हिंसा का सहारा लिया गया और अब भी हिंसा फैलाने की धमकियां दी जा रही हैं? क्या यह किसी से छिपा है कि पुराने वक्फ कानून का विरोध अनेक मुस्लिम संगठन ही कर रहे थे? वे ऐसा इसलिए कर रहे थे, क्योंकि वक्फ बोर्डों की मनमानी से अनेक मुस्लिम भी पीड़ित थे। इन वक्फ बोर्डों से मुसलमानों का कोई भला भी नहीं हो रहा था। आज ऐसे मुस्लिमों को खोजना कठिन है, जिन्हें वक्फ बोर्डों से किसी तरह की सहायता मिली हो। इसके तमाम उदाहरण अवश्य हैं कि वक्फ बोर्ड पदाधिकारियों ने वक्फ संपत्ति बिल्डरों को बेच दी या फिर उसे मामूली किराए पर दे दिया। क्या इससे कोई इन्कार कर सकता है कि वक्फ संपत्तियों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ है?

इसी दुरुपयोग के कारण पिछले दिनों बोहरा मुसलमानों के एक संगठन ने प्रधानमंत्री से मिलकर वक्फ कानून में संशोधन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके अलावा कई अन्य मुस्लिम समूहों ने वक्फ संशोधन कानून की प्रशंसा की। केरल के ईसाई संगठनों ने भी इस कानून को सराहा है। वक्फ कानून के विरोधी इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि वक्फ बोर्ड किस तरह गांव के गांव की जमीन पर दावा कर दिया करते थे। इसका जिक्र ससंद में भी किया गया और उच्चतम न्यायालय में भी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अभी हाल में तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात, बिहार आदि में वक्फ बोर्डों के मनमाने दावों से परेशान लोग खुद को वक्फ बोर्डों से बचाने की गुहार लगाते हुए सामने आए। वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद में बहस के दौरान ऐसे आंकड़े दिए गए थे कि वक्फ कानून में 2013 में किए गए बदलाव के बाद किस तरह वक्फ संपत्ति में अनाप-शनाप वृद्धि दर्ज की गई। आम तौर पर वक्फ संशोधन कानून का विरोध या तो वे मुस्लिम नेता और संगठन कर रहे हैं, जो वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग करते थे या फिर वे राजनीतिक दल, जो मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करते हैं और वह भी उन्हें बरगलाकर और डराकर।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु में पुनर्मिलन के लिए, हमारी आत्मा को उन सभी चीजों से मुक्त होना होगा जो प्रेम नहीं हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# कोचिंग इंडस्ट्री का कड़वा सच

सही है कि हाल के दशकों में ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के क्रम में कोचिंग संस्थानों की भूमिका बढ़ती गई है। बल्कि आज स्थिति यह हो गई है कि शिक्षा जगत के दायरे में इसे कोचिंग उद्योग के नाम से जाना जाने लगा है। मगर इस क्रम में बनी निर्भरता के समांतर बहुत सारे कोचिंग संस्थान अपने यहां दाखिले के लिए जिस तरह के दावे करते हैं, अपनी उपलब्धियों, सुविधाओं और संसाधनों को इस कदर बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं कि कई विद्यार्थी इसके प्रभाव में वहां चले जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि किसी अन्य संस्थान में पढ़ाई किए सफल अभ्यर्थी को वे अपने यहां का बता दें। हालांकि कई बार ऐसे दावे झूठे निकलते हैं।

कोचिंग संस्थानों की इस प्रवृत्ति पर कई बार सवाल उठ चुके हैं, सरकार ने सख्ती बरतने की बात कही है, खुद सर्वोच्च न्यायालय भी कह चुका है कि कई कोचिंग संस्थान अभ्यर्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। मगर अलग-अलग तरीके अपना कर झूठे दावे करने के चलन पर अब तक रोक नहीं लगाई जा सकी है।

अब एक बार फिर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों की ओर से परोसे जाने वाले भ्रम पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है। उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित इस निकाय ने उनके लिए पिछले वर्ष निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत कोचिंग संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विज्ञापन 'सटीक, स्पष्ट हों और भ्रामक दावों से मुक्त' हों; विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर बताई



जाने वाली जानकारी में पूरी पारदर्शिता हो। यह छिपा नहीं है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने के मद्देनजर कोचिंग संस्थान जिस तरह की प्रचार सामग्री जारी करते हैं, उनका केंद्रीय भाव यही होता है कि उनके यहां पढ़ाई करने के बाद सफलता की गारंटी और चयन की संभावना 'सौ फीसद' होगी। हकीकत यह है कि कोचिंग संस्थानों और उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत बड़ी है और उसके मुकाबले नौकरी के लिए सीटें सीमित या बहुत कम संख्या में होती हैं। ऐसे में सबको 'सौ फीसद चयन' की गारंटी देना भ्रम परोसने से कम नहीं है।

गौरतलब है कि आइआइटी-जेईई परीक्षा के नतीजों की तारीख नजदीक है। आमतौर पर इसी तरह की किसी बड़े महत्त्व की परीक्षा के नतीजों के बाद कई कोचिंग संस्थानों की ओर से ऐसे दावे किए जाते हैं कि उनके यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की है। इस क्रम में वे कई बार दूसरे संस्थानों के विद्यार्थी का नाम भी फर्जी तरीके से इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद यही होता है कि इस तरह के प्रचार को देख कर नए विद्यार्थी उनके संस्थान में दाखिला लेने को लेकर प्रभावित होंगे और इस तरह उनके कारोबार का विस्तार होगा। जबकि इसके बरक्स हकीकत यह होती है कि बहुत सारे सफल अभ्यर्थियों का ऐसा दावा करने वाले संस्थानों से कोई वास्ता नहीं होता।

कोचिंग संस्थानों को यह स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती कि सीमित अवसरों के दौर में सभी अभ्यर्थियों की शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी वे किस आधार पर देते हैं। इस तरह के दावे एक तरह से झूठ का कारोबार होते हैं, जिसके जाल में फंस कर बहुत सारे विद्यार्थियों का सपना आमतौर पर अधूरा रह जाता है। ऐसे में अपने संसाधनों और क्षमताओं के बारे में बढ़-चढ़ कर झूठे दावे करने वाले कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है।

# मेरठ का एक अनोखा गांव... जहां हर घर में है किचन गार्डन

अक्सर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नालियों को लेकर विवाद होते रहते हैं. कई बार यह विवाद पुलिस केस

**जरा हट के**

तक पहुंच जाते हैं. लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के किला परीक्षितगढ़ ब्लॉक के सिकंदरपुर गांव में एक अलग ही स्थिति देखने को मिल रही है. यहां नालियों का नामो-निशान तक नहीं है. जी हां, यह सच है! गांव के लोग नालियों को समाप्त कर अब अपने घरों में किचन गार्डन की शुरुआत कर चुके हैं.

ग्रामीण अनिल ने बताया कि गांव में नालियों के पानी को लेकर कई बार विवाद हो चुका था. क्योंकि सड़कों पर नाली का पानी बहता रहता था, जिससे विभिन्न बीमारियों के फैलने का खतरा रहता था. इस समस्या को देखते हुए गांव में पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें ये फैसला लिया गया कि अब



किसी भी घर का नाली का पानी सड़कों पर नहीं बहेगा. इसके बजाय, सभी अपने घरों में किचन गार्डन की शुरुआत करेंगे. जिसके बाद अब रसोई और नहाने का पानी नालियों में बहने के बजाय किचन गार्डन में जाता है. इससे जहां एक ओर गांव में नालियां समाप्त हो गईं, वहीं घरों में उगाई जाने वाली सब्जियां अब गांववासियों के भोजन का हिस्सा बन गई हैं.

ग्रामीण रीना ने बताया कि उनके गांव में अब कोई भी फल या सब्जी बाहर से नहीं आती. पूरे गांव में हर घर में किचन गार्डन है, जिसमें कई तरह की सब्जियां और फल के पेड़-पौधे लगाए गए हैं.

उन्होंने बताया कि सभी लोग अब ऑर्गेनिक फल और सब्जियां खाते हैं, और इसका प्रभाव उनकी सेहत पर साफ दिखता है. गांव में कई लोग 100 वर्ष की आयु तक पहुंच चुके हैं.

सिकंदरपुर गांव अब मेरठ जिले में चर्चा का विषय बन चुका है. यहां के ग्रामीणों ने न केवल समस्याओं का समाधान किया, बल्कि किचन गार्डन के रूप में एक ऐसा विकल्प अपनाया है, जो अपने आप में अनोखा है.

# लाजवाब भिंडी फ्राई

**खाना-खजाना**

अगर आप भी सोचते हैं कि बाजार जैसी करारी, मसालेदार भिंडी घर पर नहीं बन सकती, तो जरा रुकिए! आज हम आपके लिए लेकर आए हैं एक सीक्रेट रेसिपी, जो न सिर्फ आसान है, बल्कि इतनी स्वादिष्ट भी कि आपके घर में सब इसे बार-बार बनवाना चाहेंगे। आइए जानें कैसे बनती है यह खास भिंडी फ्राई, जिसे आप रोटी, पराठे या यहां तक कि चावल के साथ भी मजे से खा सकते हैं।

**सामग्री :**

- ताजी भिंडी – 250 ग्राम
- बेसन (चना आटा) – 2 बड़े चम्मच
- चावल का आटा – 1 बड़ा चम्मच (भिंडी को कुरकुरा बनाने के लिए)
- हल्दी – 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर – 1 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर – 1 छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर – 1/2 छोटा चम्मच (खटास के लिए)
- गरम मसाला – 1/2 छोटा चम्मच
- नमक – स्वादानुसार



- तेल – तलने के लिए

**विधि :**

भिंडी को धोने के बाद पूरी तरह सुखाना सबसे ज़रूरी स्टेप है। अगर भिंडी में नमी रह गई, तो वह चिपचिपी बनेगी और करारी नहीं होगी। सबसे अच्छा तरीका है कि धोने के बाद उसे कपड़े पर फैला कर 30 मिनट सूखने दें।

इसके बाद सबसे पहले भिंडी को लंबाई में दो भागों में काट लें। अगर भिंडी मोटी है तो चार टुकड़े भी कर सकते हैं। बीज ज्यादा हों तो हल्के हाथ से निकाल भी सकते हैं।

फिर एक बड़े बाउल में सारी कटी हुई भिंडी डालें। अब उसमें हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर, अमचूर, गरम मसाला और नमक डालें। इसके बाद बेसन और चावल का आटा डालें और अच्छे से मिक्स करें ताकि हर टुकड़े पर मसाले अच्छे से चिपक जाएं।

अगर जरूरत हो तो 1 चम्मच तेल मिलाएं ताकि कोटिंग और भी अच्छी हो जाए।

# केदारनाथ जाएं तो इन 5 जगहों की कर आएं सैर

हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का खास महत्व है। चार धाम में यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ शामिल हैं। केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहां दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त आते हैं। केदारनाथ धाम हर साल लगभग 6 महीने के लिए खुलता है। इस साल मंदिर के कपाट 2 मई को खुलेंगे और अक्टूबर के महीने में बंद हो जाएंगे। ऐसे में अगर आप इस साल केदारनाथ धाम दर्शन के लिए जा रहे हैं तो यहां के आसपास की कुछ जगहों की सैर जरूर कर आएं।

## 1) गुप्तकाशी

गुप्तकाशी एक फेमस तीर्थ स्थल है, जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। केदारनाथ मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर है। यह जगह प्राचीन विश्वनाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर और मणिकर्णिक कुंड के लिए फेमस हैं।

## 2) गौरीकुंड

गुप्तकाशी में गौरीकुंड केदारनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शुरुआती पॉइंट और अंतिम सड़क होने के लिए फेमस है। ये मंदाकिनी नदी के किनारे पर है और इसे सही मायने में आध्यात्मिकता और मोक्ष का प्रवेश द्वार माना जाता है। गौरीकुंड मंदिर और गौरी झील जरूरी जगहों में से एक हैं। जिनके लिए यह जगह फेमस है।



उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर

## 3) चोराबारी झील

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चोराबारी झील एक अनोखी झील है जिसे गांधी ताल के नाम से भी जाना जाता है। क्रिस्टल साफ खूबसूरत झील देखने दूर-दूर से बहुत से पर्यटक आते हैं।

## 4) त्रियुगीनारायण

त्रियुगीनारायण हिंदू पूजा के लिए एक फेमस जगह है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। ये एक हिंदू मंदिर है जो भगवान विष्णु को समर्पित है।

## 5) सोनप्रयाग

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित सोनप्रयाग का धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा है क्योंकि यह दो शक्तिशाली नदियों बासुकी और मंदाकिनी के पवित्र संगम का प्रतीक है। चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक जरूरी जगह है, जिसमें केदारनाथ और बद्रीनाथ के पवित्र मंदिर शामिल हैं।

## आज का राशिफल


**मेष** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृषभ** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है।


**मिथुन** : व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं।


**कर्क** : कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं।


**सिंह** : तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।


**कन्या** : यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।


**तुला** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।


**वृश्चिक** : कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।


**धनु** : किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।


**मकर** : परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में अनबन हो सकती है, धैर्य रखें।


**कुंभ** : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**मीन** : किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# तुलसी के हरे पत्ते चमका देंगे आपका चेहरा, कैसे करें यूज

खूबसूरत और बेदाग त्वचा पाने के लिए एक तरफ आप महंगे क्रीम का इस्तेमाल और पार्लर ट्रीटमेंट ले सकती हैं या घर पर नैचुरल चीजों का इस्तेमाल कर चेहरे को चमका सकती हैं। नैचुरल उपायों का इस्तेमाल करने के कई फायदे हो सकते हैं। जिनमें से सबसे जरूरी है कि ये स्किन को बिना नुकसान पहुंचाए ग्लोइंग बना सकते हैं। अगर आप घरेलू चीजों का यूज करना चाहती हैं को चेहरे पर तुलसी पत्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये पत्ते स्किन केयर में कई तरीकों से काम आ सकते हैं। यहां जानिए स्किन चमकाने के लिए कैसे यूज करें तुलसी पत्ते–



## 1) ड्राई स्किन पर कैसे लगाएं

इसे बनाने के लिए आपको चाहिए

- तुलसी पाउडर
- शहद
- नारियल का तेल

### इस फेस पैक को कैसे बनाएं

फेस पैक बनाने के लिए एक कटोरी में तुलसी पाउडर और शहद मिलाएं। फिर नारियल तेल की कुछ बूंदें इसमें मिलाएं और इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और कम से कम 15 मिनट तक लगा रहने दें। फिर चेहरे को गुनगुने पानी से साफ करें।

## 2) ऑयली स्किन के लिए कैसे लगाएं

इसे बनाने के लिए आपको चाहिए

- तुलसी पाउडर
- मुल्तानी मिट्टी
- गुलाब जल

### इस फेस पैक को कैसे बनाएं

इस फेस पैक को बनाने के लिए तुलसी पाउडर, मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल को एक साथ मिलाएं और एक स्मूद पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट तक सूखने दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## 3) तुलसी टोनर

तुलसी से आप टोनर बना सकते हैं। इसके लिए आपको चाहिए

- तुलसी के पत्ते
- पानी
- एसेंशियल ऑयल

### कैसे बनाएं टोनर

टोनर बनाने के लिए तुलसी के पत्तों को कुछ मिनट के लिए पानी में उबालें। फिर पानी को ठंडा करें और पत्तियों को छान लें। अब इस छने हुए पानी में अपनी पसंद के एसेंशियल ऑयल को मिलाएं और फिर चेहरा साफ करने के बाद ठंडे टोनर को अपने चेहरे पर लगाएं। यह टोनर रोमछिद्रों को साफ करने, सूजन को कम करने और स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है।

# वेट लॉस में भी फायदेमंद है अदरक

आजकल हर दूसरा इंसान अपने बढ़ते वजन से परेशान है। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल किया जाए। जरूरत से ज्यादा वजन कई गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। इसकी वजह से हार्ट डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, लिवर डिजीज, स्लीप एपनिया और कुछ प्रकार के कैंसर शामिल हैं। इसलिए जरूरी है कि आप समय रहते अपने वजन को कंट्रोल करें। इसके लिए आप कुछ कारगर उपाय अपना सकते हैं। आइए आपको बताते हैं पेट पर बढ़ी चर्बी को कम करने के लिए एक ऐसी ड्रिंक, जिसे रोज सुबह पीने से आपका बेली फैट मक्खन की तरह पिघल जाएगा।



अगर आप भी अपने बढ़े हुए बेली फैट से परेशान हैं, तो रोज सुबह पानी में अदरक उबालकर पी लें। यह एक ऐसी सब्जी है, जो लगभग हर घर के किचन में आसानी से मिल जाती है। खाने का स्वाद बढ़ाना हो या चाय को दमदार बनाना हो, अदरक हर एक चीज के लिए परफेक्ट होती है। इतना ही नहीं यह सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होती है और वजन कम करने में भी मदद करती है।

## कैसे वेट लॉस करती हैं अदरक

अदरक कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। यह सेहत से जुड़ी कई समस्याओं से राहत दिलाने के साथ ही वजन कम करने में भी मदद करती हैं। दरअसल, इसमें मौजूद तत्व आपके मेटाबॉलिज्म तेज करते हैं, जिससे शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। इसके अलावा अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं, तो बढ़ते वजन को रोकने में मदद करते हैं।

## कैसे तैयार करें अदरक का पानी

सुबह-सुबह अदरक का पानी पीने के लिए इसे तैयार करना काफी आसान है। इसके लिए आपको बस दो कप पानी में अदरक का टुकड़ा डालना होगा। फिर इसे तब तक उबालें जब तक पानी आधा न रह जाएं। अब इस पानी को सुबह उठते ही खाली पेट पी लें। अगर आप चाहें, तो स्वाद के लिए इसमें नींबू भी मिला सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## खबरें गांव की...

### ई-रिक्शा चालक से रिश्वत लेते ट्रैफिक पुलिस के दरोगा का वीडियो वायरल, निलंबित

**बुलंदशहर.** बुलंदशहर जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक ई रिक्शा चालक से ट्रैफिक पुलिस का दरोगा रिश्वत लेते नजर आ रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रैफिक पुलिस के दरोगा ने ई-रिक्शा चालक को रोककर उससे रिश्वत मांगी तो ई-रिक्शा चालक ने दरोगा को 450 रुपये की रिश्वत दी। ई-रिक्शा में सवार एक यात्री ने रिश्वतखोरी का वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया है। इसके बाद से यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। एसएसपी ने दरोगा नरेन्द्र कुमार और कांस्टेबल विक्रम राठी को निलंबित कर दिया है।

### यूपी में किसानों का फूटा गुस्सा, फ्री में बांट दिए 100 किलो टमाटर, लेने वालों की लग गई भीड़

**बुलंदशहर.** यूपी के बुलंदशहर से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट से परेशान होकर किसानों ने गुस्से में मंडी में टमाटर फ्री में बांट दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि 100 किलो तक टमाटर मुफ्त में लुटाए गए। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। यह मामला बुलंदशहर की नवीन फल एवं सब्ज़ी मंडी का है, जहां टमाटर के गिरते दामों से परेशान किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसान इतने निराश हुए कि उन्होंने ट्रॉली में भरे टमाटर मंडी की ज़मीन पर ही उलट दिए और लोगों को फ्री में बांटना शुरू कर दिया। मंडी में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोई थैला लेकर पहुंचा, कोई बोरी, जिसे जितना मिला, वो लेकर चलता बना। आढ़त पर टमाटर लेने के लिए मानो मेला लग गया। वहीं कुछ लोग इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना रहे थे, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### पिता और बहन के साथ बाजार जा रही युवती को मारी गोली, शादी से 10 दिन पहले हत्या

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर में एक तरफा प्यार में पागल सिरफिरे ने युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के दौरान युवती पिता और बहन के साथ बाजार जा रही थी। तभी युवक ने गोली मारकर युवती को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी युवक ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि युवती का रिश्ता कहीं अन्य जगह तय होने से सिरफिरा युवक नाराज था। युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव करौदा चौधर निवासी वेद प्रकाश शर्मा अधिवक्ता हैं और परिवार के साथ गांव में ही रहते है। उनकी बड़ी बेटी भावना उर्फ नीशू की बारात 1 मई को आनी थी। रविवार सुबह 10 बजे वेदप्रकाश अपनी पुत्री भावना उर्फ नीशू(25 वर्ष) और छोटी बेटी आकांक्षा के साथ मोटरसाइकिल से नगीना सामान खरीदने जा रहे थे। आरोप है कि ग्राम हीमपुर मानक उर्फ बढ़ापुर के पास पहले से ही घात लगाए बैठे युवक शिवांक त्यागी पुत्र सुनील त्यागी निवासी ग्राम करौंदा चौधर ने भावना को गोली मार दी और फरार हो गया।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही

- रामबन में बाढ़ और भूस्खलन से 3 की मौत, 100 लोगों का रेस्क्यू





**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया।

सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड घटनाएं हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं।

### धर्मकुंड से 100 लोगों को निकाला गया

रामबन जिले में चेनाब नदी के पास धर्मकुंड गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया है। 10 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 25-30 घरों में भी नुकसान हुआ है। धर्मकुंड पुलिस ने करीब 90-100 लोगों को सुरक्षित बचाया।

### उधमपुर जिले में तूफान से कई पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति ठप

उधमपुर जिले की सतैनी पंचायत में भी तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। पंचायत के पूर्व सरपंच पर्शोत्तम गुप्ता ने बताया कि इलाके में कई पेड़ उखड़ गए, जिससे यातायात और बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है।

उन्होंने कहा- मैंने अपनी पंचायत का निरीक्षण किया है। कई पेड़ गिर चुके हैं और बिजली की आपूर्ति ठप है। पिछले 4-5 सालों में इतनी तेज हवाएं पहली बार देखी हैं।

### प्रदेश में अगले 2-3 दिनों तक तेज बारिश

भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों तक जम्मू-कश्मीर में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। खासकर पहाड़ी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आंधी-गरज के साथ बारिश-ओलावृष्टि की संभावना है। रामबन, उधमपुर, पुंछ और बारामुला जिलों में अलर्ट है। यहां लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

### बाप-बेटे की हत्या का मुख्य आरोपी जियाउल शेख गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद.** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में की गई है। वह 12 अप्रैल को की गई हत्या की इस वारदात के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शेख को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा स्थित उसके ठिकाने से शनिवार को गिरफ्तार किया।

# यूनुस को हटाओ, तभी हिंदू बचेंगे

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की नृशंस हत्या पर तसलीमा नसरीन का फूटा गुस्सा





**ढाका.** बांग्लादेश में हिंदू नेता भावेश चंद्र रॉय को उनके घर से अगवा कर पीट-पीटकर मार डालने वाली घटना को लेकर बांग्लादेश से लेकर भारत में जबरदस्त आक्रोश है। भारत ने इस घटना को जघन्य बताते हुए बांग्लादेश सरकार को अलसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चेताया है। यूनुस सरकार को चेतावनी दी कि बहाने बनाना बंद कीजिए। इस बीच बांग्लादेश की लेखिका तसलीमा नसरीन ने यूनुस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें सत्ता से हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू तभी बचेंगे, जब यूनुस की विदाई होगी।

### मामला क्या है

पिछले सप्ताह बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले के बिराल उपजिला से हिंदू समुदाय के बड़े नेता भावेश चंद्र को कट्टरपंथियों ने अगवा कर लिया था और बेरहमी से पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी गई। भावेश शतग्राम यूनियन के अंतर्गत बसुदेवपुर गांव के निवासी थे और बिराल यूनिट के बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के उपाध्यक्ष के तौर पर कार्यरत थे। वे स्थानीय हिंदू समुदाय में एक सम्मानित नेता थे।

लेखिका तसलीमा नसरीन ने भावेश चंद्र की नृशंस हत्या को लेकर बांग्लादेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हिंदू नेता भावेश चंद्र रॉय को उनके घर से अगवा कर लिया गया और पीट-पीटकर मार डाला गया। हम निश्चित रूप से अनुमान लगा सकते हैं कि हत्यारे कौन हैं? यूनुस हिंदुओं के हत्यारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते। वह प्रचार करते हैं कि हिंदू ठीक-ठाक हैं और हिंदुओं के उत्पीड़न की सभी खबरें झूठी, अफवाह या भारत द्वारा गढ़ी गई हैं। अगर यूनुस सत्ता में और बने रहे, तो देश जल्द ही हिंदुओं से खाली हो जाएगा। हिंदुओं को बचाने के लिए यूनुस को सत्ता से हटाना होगा।'

# पति ने पत्नी का सिर काटा

- साइकिल की बास्केट में रखकर पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर किया

**गुवाहाटी.** असम में एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद कटा हुआ सिर लेकर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना 19 अप्रैल की रात को चिरांग जिले में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी बितीश हाजोंग ने अपनी पत्नी बैजंती का सिर काटने के लिए धारदार हथियार का इस्तेमाल किया और कटे हुए सिर को अपनी साइकिल की स्टोरेज बास्केट में रखकर ले गया।

आरोपी एक दिहाड़ी मजदूर है। उसने पुलिस को बताया कि उसके और उसकी पत्नी के बीच झगड़े होते थे, जिसके चलते उसने पत्नी की हत्या कर दी।

एक पड़ोसी ने बताया कि शनिवार रात को बितीश हाजोंग के काम से घर लौटने के बाद दोनों में काफी झगड़ा हुआ था। दोनों छोटी-छोटी बातों पर हर दिन झगड़ते थे।

चिरांग की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रश्मि रेखा शर्मा ने कहा, 'हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने नमूने एकत्र किए हैं।' आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

# कर्नाटक जनेऊ विवाद : कॉलेज प्रिंसिपल और स्टाफ मेंबर सस्पेंड

- जनेऊ पहनने पर स्टूडेंट को CET पेपर देने से रोका था
- आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज



**बीदर.** कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। शनिवार को मामला सुर्खियों में आया और इसपर विवाद हुआ। अब मामले में प्रिंसिपल डॉ. चंद्रशेखर बिरादर और स्टाफ मेंबर सतीश पवार को सस्पेंड कर दिया है। ऐसा ही एक मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल से भी सामने आया था, जहां कॉमन इंट्रेंस टेस्ट (CET) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

### बीदर में स्टूडेंट से कहा- जनेऊ काटो

कर्नाटक के बीदर में एग्जाम देने गए स्टूडेंट सुचिव्रत कुलकर्णी ने बताया, 17 अप्रैल को मेरा मैथ का CET एग्जाम था। जब मैं एग्जाम सेंटर पहुंचा तो कॉलेज मैनेजमेंट ने मेरी जांच की और मेरा जनेऊ देखा। उन्होंने मुझसे कहा कि इसे काट दो या हटा दो, तभी वे मुझे परीक्षा में बैठने देंगे। 45 मिनट तक मैं उनसे अनुरोध करता रहा, लेकिन आखिरकार मुझे घर वापस आना पड़ा। मेरी मांग है कि सरकार दोबारा परीक्षा कराए या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे।

### शिवमोगा में स्टूडेंट ने 3 स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया

पुलिस के मुताबिक, आदिचुंचनगिरी पीयू कॉलेज एग्जाम सेंटर पर सुरक्षा कर्मचारियों ने तीन छात्रों से जनेऊ उतारने को कहा गया। एक स्टूडेंट ने मना कर दिया, तो उसे रोक दिया गया। जबकि दो अन्य छात्रों ने परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतार दिया।

### परीक्षा कर्मचारियों को दावा- कोई धागा उतारने को नहीं कहा

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि, जब हमने कॉलेज अधिकारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने कहा कि उनकी ओर से केवल परीक्षा कराने के लिए बिल्डिंग दी गई है। इंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने या सुविधा प्रदान करने में उनकी कोई भूमिका नहीं है।

### कर्नाटक के पूर्व DGP ओम प्रकाश की हत्या, हिरासत में पत्नी

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की रविवार को उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर हत्या कर दी गई। 1981 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रहे ओम प्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में घर के अंदर मिला। शुरुआती जांच में पुलिस को हत्या की आशंका है और शक की सुई उनकी पत्नी पर घूम रही है। घटना के वक्त पत्नी और बेटी घर में मौजूद थीं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# नेशनल हेराल्ड केस खड़गे बोले- हम डरेंगे नहीं

- चार्जशीट में साजिश के तहत सोनिया-राहुल का नाम
- भाजपा बोली- कानूनी जवाब दें, राजनीति न करें



दिल्ली में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारी की बैठक में यह बात कही।

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- नेशनल हेराल्ड केस की चार्जशीट में साजिश और बदले की भावना के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम जोड़ा गया है। वे चाहे जिसका भी नाम डालें, हम डरने वाले नहीं हैं। खड़गे ने शनिवार को दिल्ली में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारी की बैठक में यह बात कही।

खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन के समय जानबूझकर दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां अटैच कीं। इससे पहले भी मोदी सरकार ने ED और CBI के जरिए कांग्रेस नेताओं पर छापे मारकर रायपुर अधिवेशन को बाधित करने की कोशिश की थी। इधर, भाजपा ने कांग्रेस पर मामले को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा- अगर गांधी परिवार को अपने जवाब सही लगते हैं, तो वे उन्हें कोर्ट में रखें। राजनीतिकरण ना करें। जांच में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी को इन सवालों के जवाब देने होंगे।

ED ने 15 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ED से मामले की केस डायरी भी मांगी है। इसके विरोध में पार्टी देशभर में ED दफ्तरों के बाहर आज (बुधवार को) विरोध प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। केरल में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वाटर कैनन चलाकर खदेड़ा गया।

# वैभव का अपनी पहली बॉल पर सिक्स



- IPL खेलने वाले यंगेस्ट प्लेयर भी बने
- आउट होने के बाद सूर्यवंशी ने आंसू पोंछे

IPL-18 के 36वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी।

वैभव सूर्यवंशी IPL खेलने वाले यंगेस्ट प्लेयर बने। आउट होने के बाद उन्होंने आंसू पोछे।

ध्रुव जुरेल ने ऋषभ पंत का जगलिंग कैच लपका। शुभम दुबे ने निकोलस पूरन का कैच छोड़ा। 14 साल के वैभव अपने करियर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाने वाले 10वें बैटर बने।

तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर मिचेल मार्श 4 रन बनाकर आउट हुए। जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल को पुल करने की कोशिश में मार्श कैच आउट हो गए। शिमरोन हेटमायर ने डीप-फाइन लेग पर आगे की तरफ दौड़ लगाकर डाइव लगाई और कैच लपक लिया।

पांचवें ओवर की चौथी बॉल पर शुभम दुबे ने निकोलस पूरन को जीवनदान दिया। जोफ्रा आर्चर मिडिल स्टंप पर लेंथ डिलीवरी फेंकी, पूरन ने इसे स्क्वायर लेग की दिशा में खेलने की कोशिश की लेकिन बल्ले का टॉप एज लगा और गेंद आसमान में काफी ऊपर तक चली गई। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने पहले दौड़ लगाई लेकिन गेंद उससे काफी दूर थी। यहां खड़े फील्डर शुभम ने खुद को बॉल के नीचे सेट किया। लेकिन आखिरी पल में गेंद उनके फिंगरटिप्स को छूकर गिर गई। यहां उन्होंने एक आसान-सा मौका गंवा दिया।

### भारत के खिलाफ साजिश रच रहा बांग्लादेश

**ढाका.** सत्ता परिवर्तन के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के बीच संबंध खराब होते जा रहे हैं। अब बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ एक और साजिश रची है। वह दक्षिण त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास एक और तटबंध बना रहा है। इसकी वजह से सीमा से सटे शहरों में बाढ़ की आशंकाएं बढ़ गई हैं। बेलोनिया के सीपीएम विधायक दीपांकर सेन ने इस मुद्दे को उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से तुरंत इसमें हस्तक्षेप करने की मांग क है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नदी पर बन रहा यह तटबंध डेढ़ किलोमीटर लंबा और 20 फीट ऊंचा है।

# अमेरिकी कोर्ट ने छात्रों को दी बड़ी राहत



- वीजा रद्द करने को लेकर ट्रंप सरकार से मांगा जवाब

**वाशिंगटन.** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी सरकार लाखों लोगों को डिपोर्ट कर चुकी है। वहीं अब अमेरिकी प्रशासन छात्रों को भी निशाना बना रहा है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने छात्र वीजा धारकों की भी जांच करने के लिए 'कैच ऐंड रिवोक' कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इसके तहत यहूदी विरोधी और फिलिस्तीन के समर्थकों को पहचानना था। अमेरिकी प्रशासन ने बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों का वीजा रद्द कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भी शामिल थे। अब जॉर्जिया की एक जिला अदालत ने कम से कम 133 छात्रों को राहत दी है।

जॉर्जिया की अदालत ने टेंपररी रिस्ट्रेनिंग ऑर्डर (TRO) जारी करते हुए छात्रों के डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी है। बता दें कि छात्रों को अचानक सूचना दी गई थी कि उनका एक्सचेंज विजिटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम बंद किया जा रहा है और अब उनका अमेरिका में ठहरना अवैध है। वहीं कोर्ट ने होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट को आदेश जारी करते हुए कहा कि छात्रों का इस तरह से तत्काल वीजा रद्द नहीं किया जा सकता। इसके अलावा अदालत ने यह भी कहा कि प्रशासन को छात्रों की निजी जानकारी को इस तरह सार्वजनिक नहीं कनरा चाहिए। अदालत ने अमिरिकी प्रशासन को इस मामले में जवाब देने को कहा है।

# वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने ECI का अभियान

- शुरुआत बिहार चुनाव से होगी
- 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं
- BLO घर-घर वेरिफिकेशन करेंगे




**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग (ECI) वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है।

आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है।

सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे।

इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी वजह जानी जाएगी।

बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी की जाएगी।

इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है।

# 2 साल के बच्चे की मां है लेडी डॉन जिकरा

## सीलमपुर हत्याकांड : क्यों बना रही थी नाबालिग लड़कों की गैंग





**नई दिल्ली.** दिल्ली के सीलमपुर में हुई 17 साल के कुणाल की हत्या के बाद पुलिस ने जिकरा नाम की लेडी डॉन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए जिकरा की पुलिस कस्टडी की मांग की थी, जिसके बाद उसे दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। आरोप है कि कुणाल की हत्या जिकरा के चचेरे भाइयों ने की है और इसकी साजिश जिकरा ने रची थी। वह कुणाल से भाई पर हुए हमले का बदला लेना चाहती थी। जिन दो लोगों ने गुरुवार रात को कुणाल पर हमला किया वह नाबालिदग बताए जा रहे हैं। इस बीच 22 साल की लेडी डॉन जिकरा को लेकर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सीलमपुर हत्याकांड की मास्टरमाइंड लेडी डॉन जिकरा दो साल के बच्चे की मां थी और अपने पति से अलग रह रही थी। बताया ये भी जा रहा है कि वह मस्तान गैंग का हिस्सा थी जिसे शोएब मस्तान नाम का शख्स चला रहा था। फिलहाल वह लूट के मामले में जेल में है। रिपोर्ट के मुताबिक जिकरा नाबालिग लड़कों की एक गैंग तैयार कर रही थी ताकी उनके जरिए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सके। उसने अपनी गैंग में 8-10 नाबालिग लड़के रखे हुए थे। कुणाल हत्याकांज में शामिल दो आरोपी भी इसी गैंग का हिस्सा थे। हालांकि इनमें से एक आरोपी अगले महीने 18 साल का होने वाला है। इससे पहले खबर थी कि वह जेल में बंद हाशिम बाबा की पत्नी जोया की बाउंसर के रूप में काम करती थी। वह जोया के जरिए हाशिम बाबा तक पहुंचना चाहती थी और जोया के गिरफ्तार होने से पहले वह उसी के साथ रह रही थी। जब जोया गिरफ्तार हुई तो उसने अपनी अगल गैंग बनानी शुरू कर दी। वहीं उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि पिछले साल नवंबर में लाला और शंभू नाम के दो लोगों ने उसके भाई पर हमला किया था। ये दोनों कुणाल के दोस्त हैं। उस वक्त वहां कुणाल भी था लेकिन वह नाबालिग था, इसके लिए उसका नाम एफआईआर में नहीं आया। जिकरा और उसके भाई को लगता था कि कुणाल की वजह से ही उसके भाई पर हमला हुआ, इसलिए उन्होंने कुणाल से बदला लेने का प्लान बनाया था।

# मंगेतर को प्रेमी के साथ बिस्तर पर देखा, दे दी जान

**नासिक.** नासिक में आयकर विभाग में कार्यरत एक अधिकारी ने अपनी मंगेतर द्वारा मानसिक उत्पीड़न और धमकियों से तंग आकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उसने अपनी होने वाली बीवी को उसके कथित प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा, तब से वह तनाव में चल रहा था। मृतक की पहचान 36 वर्षीय हरेराम सत्यप्रकाश पांडे के रूप में हुई है। हरेराम मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी थे और वर्तमान में नासिक में पोस्टेड थे।

हरेराम की मंगनी वाराणसी की मोहिनी पांडे से हुई थी, लेकिन इसी दौरान हरेराम ने मोहिनी को उसके कथित प्रेमी सुरेश पांडे के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जब हरेराम ने इस संबंध पर आपत्ति जताई और मोहिनी से स्पष्ट कहा कि वह तभी विवाह करेंगे जब वह सुरेश से रिश्ता तोड़ेगी, तो मोहिनी ने न केवल इनकार कर दिया बल्कि उल्टा हरेराम और उनके परिवार को दहेज केस में फंसाने की धमकी दी।

उनके परिजनों का कहना है कि मोहिनी, सुरेश और उनके एक अन्य साथी मयंक मुनेन्द्र पांडे द्वारा मानसिक उत्पीड़न के चलते हरेराम लगातार तनाव में रह रहे थे। आसपास के लोगों ने जब हरेराम के घर के बाहर 3-4 दिन तक पड़े दूध के पैकेट देखे और दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर हरेराम का शव मिला। प्राथमिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

## संक्षेप...

### भिवंडी में महिला की गला घोंटकर हत्या

**भिवंडी.** भिवंडी में अज्ञात लोगों ने एक महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका शव सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 30 से 40 वर्ष आयु की महिला का शव शुक्रवार को भिवंडी के ठाकुरगाव इलाके में मिला। उन्होंने बताया कि मृतक महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला की मौत गला घोंटने से हुई है, जिसके बाद कोनगाव पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त की जा रही है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# फडणवीस बोले : राज-उद्धव साथ आते हैं तो खुशी होगी

- दोनों ने 19 साल बाद साथ आने के संकेत दिए थे



**मुंबई.** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। इस पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर दोनों साथ आते हैं तो हमें खुशी होगी। मतभेद मिटाना अच्छी बात है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया था। राज ठाकरे ने कहा- हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर के यू-ट्यूब चैनल पर यह बातें कहीं। महेश मांजरेकर ने राज से उद्धव के साथ गठबंधन पर सवाल किया था।

इस पर राज ठाकरे ने कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। इधर उद्धव का भी रिएक्शन आया है, उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था। हालांकि राज्यसभा सांसद संजय राउत ने गठबंधन को लेकर शर्त रखी है।

### राउत ने रखी शर्त

शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने कहा कि उद्धव एक शर्त पर राज से बात को तैयार हैं, अगर राज महाराष्ट्र और शिवसेना (UBT) के दुश्मनों को अपने घर में जगह न दें। वहीं, शिवसेना नेता नरेश म्हस्के ने उद्धव से पूछा कि जब उन्होंने खुद राज को पार्टी से अलग किया, तो अब एकजुटता की बात क्यों कर रहे हैं?

शिवसेना (UBT) नेता अंबादास दानवे ने कहा है कि दोनों भाई हैं, लेकिन उनकी राजनीति अलग है। अगर साथ आना है तो आमने-सामने बात होनी चाहिए, टीवी पर नहीं।'

### 2005 में अलग हुए थे राज-उद्धव

राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नव निर्माण सेना' बनाई थी। तब दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं रहे।

### ट्रक में 23 भैंसों को ठूंसकर ले जाने का मामला दर्ज

**भिवंडी.** पड़घा पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र में एक ट्रक में अमानवीय और अवैध तरीके से कई भैंसों को ले जाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस गश्ती दल ने शुक्रवार रात को कुकसे गांव में एक तेजी से जा रहे अज्ञात वाहन को रोका और पाया कि उसमें भरकर 23 भैंसों को ले जाया जा रहा था. जानवरों को रस्सियों से कसकर बांधा गया था और उन्हें बुनियादी सुरक्षा या स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधानों के बिना ले जाया जा रहा था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन चला रहा व्यक्ति भैंसों के परिवहन के लिए वैध दस्तावेज पेश करने में विफल रहा.पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक मुक्तशिर के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# मंदिर तोड़ने के खिलाफ जैन समुदाय का प्रदर्शन

- कोर्ट में सुनवाई से पहले BMC की कार्रवाई;
- लोग बोले- हम कमजोर नहीं, मंदिर वहीं बनाएंगे



**मुंबई.** मुंबई के विले पार्ले ईस्ट के कांबलीवाड़ी में 90 साल पुराना पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को BMC की टीम ने 16 अप्रैल को तोड़ दिया। इस कार्रवाई से पहले नगर निगम ने मंदिर को नोटिस भेजा था। जिसके खिलाफ जैन समाज ने एक याचिका भी दायर की थी। इस पर 17 अप्रैल को सुनवाई होनी थी।

ब्रहममुंबई की टीम की कार्रवाई सुनवाई से पहले ही की गई। इसके कारण जैन समुदाय के लोग आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को अहिंसक तरीके से अपना गुस्सा जाहिर किया।

हजारों की तादाद में महिलाएं--पुरुष सड़कों पर नारे लगाते हुए नजर आए। सभी ने काली पट्टी बांधकर बीएमसी का विरोध किया। लोग नारे लगा रहे थे - हम कमजोर नहीं हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राम कृष्ण रेस्टोरेंट के मालिक के कहने पर जैन मंदिर को ध्वस्त किया गया। वह परिसर में बार शुरू करना चाहता था, लेकिन मंदिर के कारण उसे लाइसेंस नहीं मिल सका। इसलिए उसने मंदिर की जमीन से जुड़े मुद्दे खोजकर इसे तुड़वाया। हालांकि इस मामले में कमिश्नर भूषण गगरानी ने बताया कि वार्ड के प्रभारी नवनाथ घाडगे का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। नवनाथ ने के-ईस्ट वार्ड की एक टीम मंदिर तोड़ने भेजी थी।

# क्लस्टर योजना को लेकर अधिकारी की जगह बिल्डरों ने शुरू की छापेमारी

- निवासियों में असमंजस का माहौल
- 19 बिल्डिंग के प्रतिनिधियों ने विधायक केलकर से की मुलाकात

धर्मेंद्र उपाध्याय



**ठाणे.** रहिवासियों के बीच भ्रम का माहौल है क्योंकि क्लस्टर योजना के तहत भवन निर्माण का कार्य पूरा होने और निवासियों के उसमें रहने का कोई उदाहरण नहीं है. इसलिए बिल्डरों और उनके सहयोगियों ने अधिकारियों से पहले ही योजनाबद्ध क्लस्टर क्षेत्र में प्रवेश करना शुरू कर दिया है. इसलिए निवासियों के बीच संदेह और भ्रम का माहौल पैदा हो गया है. इस संबंध में ठाणे की 19 इमारतों के निवासी प्रतिनिधियों ने विधायक संजय केलकर, क्लस्टर और मनपा के अधिकारियों से मुलाकात की और भ्रम को दूर किया. राज्य सरकार ने ठाणे शहर में जीर्ण-शीर्ण, खतरनाक और अनाधिकृत इमारतों के सामूहिक विकास के लिए क्लस्टर योजना की घोषणा की है. ठाणे शहर में 44 योजनाएं तैयार की गई हैं. किसाननगर में क्लस्टर का काम चल रहा है, जबकि अन्य क्षेत्रों में योजना को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है. बिल्डर्स और उनके सहयोगी उन क्षेत्रों के निवासियों से संपर्क कर रहे हैं जहां परियोजना क्रियान्वित की जाएगी. क्लस्टर के संबंध में निजी व्यक्ति पहल कर रहे हैं, इसलिए कई क्षेत्रों के निवासियों में इस योजना को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है. इस भ्रम को दूर करने के लिए सिद्धेश्वर तालाब, हंसनगर क्षेत्र में 40 साल पुरानी 19 अनधिकृत इमारतों के प्रतिनिधियों ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात की. बैठक में क्लस्टर विभाग के अधिकारी और ल के अतिरिक्त आयुक्त भी उपस्थित थे. विधायक संजय केलकर ने क्लस्टर विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई. यदि किसी क्षेत्र में क्लस्टर योजना की योजना बनाई जाती है, तो क्लस्टर और मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले क्षेत्र का दौरा करना चाहिए और निवासियों के साथ बातचीत करनी चाहिए. उन्हें निवासियों को योजना के बारे में सूचना पत्र उपलब्ध कराते हुए योजना के क्रियान्वयन, निवासियों के अस्थायी पुनर्वास, उन्हें मिलने वाले मकान, क्षेत्र और सुविधाओं के बारे में जानकारी देनी चाहिए. जबकी इसके बजाय, कुछ निजी व्यक्ति, बिल्डर और उनके सहयोगी उस क्षेत्र में जाकर निवासियों से संपर्क कर रहे हैं, जिसके कारण इस योजना की विश्वसनीयता खत्म हो रही है यह बात केलकर ने कहा. उपस्थित 40 से अधिक प्रतिनिधियों के बीच असमंजस और भ्रांति दूर हो गई, क्योंकि वे क्लस्टर और मनपा के अधिकारियों से सीधे चर्चा किया गया. यदि निवासियों को इस योजना के बारे में कोई भ्रम है, तो उन्हें सीधे इन अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए. विधायक केलकर ने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए क्लस्टर का एक अधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा वह इस संबंध में निवासियों को आधिकारिक जानकारी उपलब्ध कराएगा.

# सरकारी टीचर्स के लिए एक समान ड्रेस कोड

- शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने नई योजना के संकेत दिए



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार शिक्षा विभाग का कायाकल्प करने की दिशा में हर संभव प्रयास करने में जुटी है। हिंदी भाषा की अनिवार्यता के तुरंत बाद अब एक और आदेश जारी कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार अब सरकारी टीचर्स के लिए एक समान ड्रेस कोड प्लान कर रही है। शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने एक कार्यक्रम में सरकार की इस नई योजना के संकेत दिए। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टीचर्स के लिए ड्रेस कोड लागू हो चुका है। हिमाचल प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में भी टीचर्स के लिए ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी है। मालेगांव में एक स्कूल के कार्यक्रम में प्रदेश के शालेय शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने यह बयान दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री दादाजी भूसे ने कहा कि आपके गांव और स्कूल के पूरे स्टाफ का अभिनंदन करना है। क्योंकि आप एक यूनिफॉर्म में नजर आने वाले हैं। शिक्षक और शिक्षिकाएं सब एक यूनिफॉर्म में, ड्रेस कोड में हैं। आप सभी को देखकर में घोषणा करता हूं कि हम राज्यव्यापी ड्रेस कोड लागू करेंगे। शिक्षा अधिकारी साहब, अब हमारे शिक्षकों को भी यूनिफॉर्म में आना पड़ेगा और परेशान न हों, इस व्यवस्था के लिए हम निधि भी देंगे। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश इस मामले में आगे निकल चुका है।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टीचर्स के जींस, टी-शर्ट और रंग-बिरंगे कपड़े पहनने पर बैन लग गया है। अब सरकारी स्कूलों के टीचर्स ड्रेस कोड में दिखाई देंगे। काफी लंबे समय और प्रयास के बाद कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने ड्रेस कोड लागू करने का आदेश जारी किया है।


## आम सूचना

मैं श्री ठाकुर उत्तमचंद कुंदनानी निवासी कोपरी, ठाणे सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरा छोटा भाई श्री हरेश उत्तमचंद कुंदनानी जो कई वर्षों पूर्व भारत छोड़कर विदेश के मस्कट में बस गया था उसके बाद वो भारत आ गया था और कुछ असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हो चुका था। उसके बाद कुंदनानी परिवार ने तीन बार उसे नशा मुक्ति केंद्र में रखा गया था। लेकिन उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ। बीमारी के चलते उसका तीन बार अस्पताल में भी ईलाज करवाया गया। अब 9 अप्रैल 2025 को श्री हरेश उत्तमचंद कुंदनानी उल्हासनगर-5 स्थित स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम चला गया और उसके बाद से वो घर नहीं लौटा है। उपरोक्त व्यक्ति अगर किसी से भी किसी भी किस्म का व्यवहार करता है तो वो अपनी जिम्मेदारी पर करेगा। इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित कर रहे हैं कि श्री हरेश उत्तमचंद कुंदनानी के विषय में कोई भी हमसे बातचीत व व्यवहार न करें और हमारे परिवार का कोई व्यक्ति इसका जिम्मेदार नहीं रहेगा।

सही/-
**श्री ठाकुर उत्तमचंद कुंदनानी**
**कुंदनानी व वलेच्छा सहपरिवार**
8692000945 / 9970870525

## आम सूचना

हम श्री अकीमुद्दीन अयाज शेख व श्री जावेद अयाज शेख सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. जी-2, ग्राऊंड फ्लोर, टीयर गर्डर स्ट्रकचर, रुम नं. 10-11, बैरक नं. 259, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 18बीआय022029100) उक्त प्रॉपर्टी श्री ईश्वर मोहनदास रामवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 6.3.2025 सी.नं. 502 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अकीमुद्दीन अयाज शेख व**
**श्री जावेद अयाज शेख**


# ब्रिटेन में नौकरी दिलाने के नाम पर 17.9 लाख की ठगी

**मुंबई.** दादर पुलिस ने एक पति-पत्नी सहित तीन लोगों पर ब्रिटेन में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 17.9 लाख रुपये ठगने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायतकर्ताओं के वर्तमान व्यवसायों का खुलासा नहीं किया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता निकिता डिसूजा, 33, प्रभादेवी की निवासी और एक निजी कंपनी की कर्मचारी, पहले अपने पति लियोनेल डायल के साथ 2019 से दो साल तक ब्रिटेन में काम कर चुकी हैं। दोनों ब्रिटेन लौटना चाहते थे और उन्हें एक रिश्तेदार से रोंडली मिसक्विटा के बारे में पता चला, जो अंधेरी में 'हॉपस्टोन कंसल्टेंसी' चलाते हैं। नवंबर 2021 में, डायल ने यूके के वीजा के बारे में पूछताछ करने के लिए मिसक्विटा से संपर्क किया और बाद में कहा कि उनकी एजेंसी प्रति व्यक्ति 12 लाख रुपये और जीएसटी लेती है। जब डायल ने कहा कि उसे और उसकी पत्नी दोनों को वीजा की जरूरत है और उसने कम राशि का अनुरोध किया, तो मिसक्विटा ने 18 लाख रुपये में दोनों वीजा संसाधित करने की पेशकश की.

# पुलिस ने चोरी गए 35 एंड्रॉयड फोन वापस किए



**ठाणे.** ठाणे के वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में आज एक सादे समारोह में लोगों के चोरी हुए एंड्राइड मोबाइल, फोन धारकों को वापस किए गए।ठाणे पुलिस आयुक्त कार्यालय के पीआरओ शैलेश सालवी ने आज बताया कि ठाणे में वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में कई दिनों से लोगों के मोबाइल फोन खोने अथवा चोरी होने की शिकायत मिल रही थी।इसके बाद ठाणे पुलिस के क्राइम ब्रांच के पुलिस उप निरीक्षक विठ्ठल जे चिंतामण तथा हेड कांस्टेबल नाना साहब नागरे ने सीईआईआर पोर्टल पर तकनीकी विश्लेषण कर 20फरबरी 2025 से आज तक खोए मोबाइल पुलिस स्टेशन में जमा किए गए थे।

बताया जाता है 20फरवरी 2025 से आज तक जो मोबाइल बरामद किए गए है ठाणे, मुंबई, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली , आसाम और तमिलनाडु राज्यों से कुल दस लाख पचास हजार रुपए के35 मोबाइल प्राप्त कर मोबाइल धारकों को आज दिए गए हैं।आज वर्तकनगर पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजकुमार बाघचवरे और क्राइम ब्रांच पुलिस निरीक्षक मल्हारी कोकरे के मार्गदर्शन में मोबाइल धारकों को उनके गुम हुए मोबाइल भेंट किए गए।


## आम सूचना

मैं श्री रामचंद कल्याणदास कुकरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि नीचे का भाग, रुम नं. 3, 450 चौ.फुट, बैरक नं. 684, बालकन जी बारी के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 26बीओ018959300 (पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रीटा हरेश वाटवाणी व श्री हरेशलाल नथूमल वाटवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.3.2024 सी.नं. 583 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामचंद कल्याणदास कुकरेजा**

## आम सूचना

मैं श्री दयाल परसराम कुकरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 516, 398 चौ.फुट, मेन बाजार, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय016498500) उक्त प्रॉपर्टी श्री हितेश दयालदास कुकरेजा व श्री धीरज दयालदास कुकरेजा के नाम पर है। उनसे रिलीज एग्रीमेंट दि. 8.4.2025 सी.नं. 340 द्वारा मैंने प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दयाल परसराम कुकरेजा**


# बॉडी शेमिंग करने वालों को का करारा जवाब



- बोलीं – लोगों के अंदर बहुत ज्यादा नेगेटिविटी है, बस बाहर निकालने का मौका चाहिए

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक फैशन शो में रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की, तो कुछ ने उनकी कमर को लेकर तंज कसे। हालांकि, अब एक्ट्रेस ने भी बॉडी शेमिंग करने वालों को करारा जवाब दिया है।

करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। उन्होंने लिखा, आपके पास शायद बहुत ज्यादा समय और बहुत सारी नेगेटिविटी है बाहर निकालने के लिए। ओह, उसका वजन बढ़ गया है! क्या आप जानते हैं कि मुझे सबसे ज्यादा क्या खुशी देता है? ये देखना कि कम से कम कुछ लोग ऐसे हैं जो अपनी सोच रखते हैं। कभी तो सोशल मीडिया का इस्तेमाल लोगों को ऊपर उठाने के लिए कीजिए, उन्हें नीचे गिराने के लिए नहीं।'

### करिश्मा तन्ना की कमर पर लोगों ने कसा था तंज

दरअसल, करिश्मा तन्ना ने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में रैंप वॉक किया था। इसके बाद से ही कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी कमर को लेकर भद्दे कमेंट्स करने शुरू कर दिए। हालांकि, इस दौरान कई लोगों ने उनका सपोर्ट भी किया था।

### इन शोज में नजर आ चुकी हैं करिश्मा

'नागिन 3', 'कयामत की रात' और ओटीटी प्रोजेक्ट 'स्कूप' जैसे शोज के जरिए करिश्मा तन्ना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।वह हमेशा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने वरुण बंगेरा से शादी की थी।

# श्री दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण में सुंदरकांड व भजन कीर्तन

उल्हास विकास संवाददाता




**ठाणे.** श्री दुर्गा माता सेवा संस्था(रजि.) द्वारा संचालित श्री दुर्गा माता 19 अप्रैल को सायं 8 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया सुंदर कांड व भजन गायक नागेंद्र शर्मा, राजू उपाध्याय जौनपुरिया,रवि पाण्डेय,राहुल, कोरस देने वाले हितेश मिश्रा लकी ,ढोल वादक शिवकुमार सिंह,बजरंगी ,मनोज मिश्रा , राकेश पाण्डेय,जगदीश तिवारी , लकी मिश्रा ने भजन गाकर सबका मन मोह लिया सभी भक्तों ने ताली बजाकर साथ दिया सभी भक्त झूम उठे श्री दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में आए हुए सभी भक्तों को संस्था के तरफ से प्रसाद के रूप में चावल वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरला वर्मा ,ऊषा यादव,सुमित्रा विट्टी वर्मा,उमा तिवारी, सुनीता दुबे, राजनरायन दुबे, योगेश यादव,विजय गुप्ता,मंगला तिवारी, अजित पाण्डेय,घनश्याम यादव,सुशील पंडा,आदित्य तिवारी, राहुल, रवि पांडेय , दिनेश चौरसिया, अजय त्रिपाठी,बजरंगी,रविन्द्र तिवारी तथा मंदिर से जुड़े महिला भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ मंदिर के संस्थापक /अध्यक्ष अरविन्द तिवारी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों के जीवन में सुख शान्ति की कामना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।


## आम सूचना

मैं श्री बनसीलाल मोतीलाल तांगडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 2, दुर्गा माता चाल, सामने बैरक नं. 205, रुम नं. 12, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 18बीआय019635500) उक्त प्रॉपर्टी श्री सीताराम महावीर कुमावत के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.2.2025 सी.नं. 408 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बनसीलाल मोतीलाल तांगडे**

## PUBLIC NOTICE

I hereby declare that my name
**Ahuja Pooja Lachumal**
is also to be known as
**Pooja Laxmandas Ahuja**
Resident of: Anand Tower, 4th Floor, Netaji Chowk, Opp. Prabhat Garden, Ulhasnagar-421005. Dist. Thane (M.S)





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099